# PRE-BOARD EXAMINATION – 1 (2020-'21)
# HINDI

**CLASS: X** **TIME: 3Hours**
**MARKS: 80**

---

**<u>सामान्य निर्देश:</u>**-
इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और खंड 'ब'
खंड अ में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं।
खंड ब में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

## खंड-अ वस्तुपरक प्रश्न

## गद्यांश-1

**प्रश्न-1 नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-** **5X1= 5**

मुझे बचपन से ही मानचित्र देखने का शौक है| क्योंकि मानचित्रों के सहारे भी दूर दुनिया की सैर का मज़ा लिया जा सकता है| यो तो वास्तविक जीवन में भी मैं काभी घूमा-फिरा हूँ, पर उससे कभी तृप्ति नहीं हुई| मेरी इस इच्छा ने अभी भी मेरा पीछा न छोड़ा है| मानचित्रों से यह फायदा होता है कि मन के घोड़े पर सवार होकर कहीं भी चले जाइए| कोई रोक नहीं, अड़चन नहीं, जब चाहे लौट आइए, या न भी लौटिए| कोई पूछनेवाला नहीं कि हज़रात कहाँ भटक रहे थे? यों तो मानचित्रों से तरह-तरह के रंगों से कुछ मदद मिलती है, यह निश्चय करने को कि कहाँ जाएँ? जिसे हरी-भरी जगह देखनी हो वह मानचित्रों की हरी-भरी जगहों में घूमे, जिसे पहाडी प्रदेश देखने हो वह भूरे या पीले प्रदेश में जाए, और जिसे एकदम अछूते, अपरिचित प्रदेशों में जाने का जोखिम पसंद हो वह बिलकुल सफ़ेद हिस्सों की ओर चले| बर्फीले मरू-प्रदेशों में, जंगलों में, समुद्र में, समुद्री-द्वीपों में कहीं भी जा सकते हैं| मानचित्रों में कहीं लिखा रहता है कि इस प्रदेश का सर्वे नहीं हुआ है- हिमालय के अनेक प्रदेश ऐसे हैं| असमिया-सीमा प्रदेशों में भी ऐसे स्थल हैं| ज़रा कल्पना कीजिए ऐसे जगहों में घूमने का आनंद! मैं लगातार कुछ दिन भी

एक जगह रहता हूँ तो कुछ अपनी इच्छा से नहीं, लाचारों से और उस लाचारी में बहुत-से मानचित्र इकट्टे कर फिर अपने लिए कोई नई जगह खोज लेता हूँ|

**i) लेखक के अनुसार मानचित्र देखने से क्या लाभ है ?**

A) देशों की पहचान हो जाती है

B) जब तक चाहे घुमते रहना

C) मानसिक सैर का आनंद लेना

D) उपर्युक्त सभी

**ii) मानचित्र में रंगों से क्या मदद मिलती है ?**

A) रंगों से स्थिति पता चलती है |

B) मनचाही जगह चुनने में मदद मिलती है |

C) अपरिचित प्रदेश दिख जाते है |

D) सब जगह पहुँच जाते हैं |

**iii) मानचित्र का भूरा या पीला रंग किस प्रदेश को दर्शाता है ?**

A) पहाडी प्रदेश को

B) अपरिचित प्रदेशों को

C) हरी - भरी जगहों को

D) इनमे से कोई नहीं

**iv) मानचित्र के अनुसार किन स्थलों का सर्वे नहीं हुआ है ?**

A) कर्नाटक के कुछ स्थलों का

B) असमिया सीमा-प्रदेशों के स्थलों का

C) बर्फीले मरू-प्रदेशों का

D) समुद्री द्वीपों का

**v) लेखक कई दिन तक एक जगह क्यों नहीं रुक पाते ?**

A) मानचित्र इकट्टे करने की लाचारी से

B) अरुचि हो जाने से

C) अपनी धुमक्कड़ प्रकृति के कारण

D) लोगों से परेशान होने से

## अथवा गद्यांश-2

रोयटर एक एक ऐसे आदमी का नाम है जो समाचारों को एकत्रित करने और वितरण करने में अग्रगामी था| रोयटर ने तब अपने एक मित्र को विश्वास में लिया जो ब्रुसेल्स के स्टॉक एक्सचेंज में दलाल का काम करता था| हर रोज़ रोयटर ब्रुसेल्स जानेवाली डाक गाडी में कबूतरों के जोड़े का एक पिंजरा रख लेता था और

पिंजरे पर अपने मित्र का पता लिख देता था| जब वे पक्षी अपने मित्र के पास पहुँच जाते थे तो वह उस दिन के स्टॉक मूल्य एक कागज़ पर लिखकर एक छोटे से रेशमी थैली में डालकर, कबूतरों की टांग से बाँधकर उन्हें उड़ा देता था| कबूतर डाकगाड़ी के तीन घंटे पहले पहुँच जाते थे| तुरंत वह और उसकी पत्नी उस संदेश का नक़ल करके व्यापारियों के पास पहुँचाते और उनसे पैसे वसूल करते| उस समय इंग्लैंड यूरोप का प्रसिद्ध व्यापारिक केंद्र था| यूरोप के सभी देश इंग्लैंड से पैसे और माल मँगवाते थे| लंदन उस समय यूरोप का ही नहीं बल्कि सारे संसार का मुख्य व्यापारिक केंद्र था| वह 1851 में लंदन आ गया| उसका उद्देश्य यह था कि महाद्वीप के व्यापारियों में अपने आपको उनका एजेंट स्थापित करें और वह भी लन्दन स्टॉक एक्सचेंज की ताज़ी खबरें दूर-संचार के द्वारा अपने अभिकर्ताओं को भेज रहा था| उस प्रकार इतिहास में पहली बार समाचार-पत्रों को एक दूर की घटना के ताज़े खबर प्राप्त हुए|

**i) रोयटर क्या करता था ?**

A) एक संपादक था |

B) यूरोप के व्यापारियों का एजेंट था |

C) कबूतरों को पिंजड़े में बंद करता था |

D) कबूतरों से खूब पैसे कमाता था |

**ii) समाचार कबूतरों से क्यों भेजे जाते थे ?**

A) कबूतर डाकगाड़ी से पहले समाचार पहुँचा देते थे |

B) कबूतर समाचार पहुँचाने में प्रशिक्षित थे |

C) कबूतर विश्वसनीय तरीके से समाचार पहुँचा देते थे |

D) कबूतर सीधे लक्ष्य तक उड़ते चले जाते थे |

**iii) रोयटर के समय लंदन की क्या स्थिति थी ?**

A) लंदन पूरे यूरोप का प्रतिनिधि था |

B) यूरोप के कई देशों के साथ उसके संबंध थे |

C) लंदन केवल यूरोप का मुख्य व्यापारिक केंद्र था |

D) लंदन सारे संसार का मुख्य व्यापारिक केंद्र था |

**iv) रोयटर ताज़े समाचार किस प्रकार भेजता था ?**

A) कबूतरों द्वारा

B) रेल द्वारा

C) दूर-संचार द्वारा

D) कर्मचारियों द्वारा

**v) पत्रवाहक के रूप में किस पक्षी का प्रयोग करता था ?**

A) हंस

B) कबूतर

C) मुर्गा

D) मैना

**प्रश्न-2. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी <u>एक</u> गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः-** **5X1=5**

भारत के अनेक पौराणिक और आयुर्वेदिक ग्रंथों में मोती की चर्चा की गई है| रामायण काल में मोती का उपयोग काफी प्रचलित था| मोती की चर्चा बाइबिल में भी की गई है| भारत के प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में मोती-भस्म का उपयोग कई आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण में किए जाने का उल्लेख मिलता है - कब्जनाशक के रूप में तथा वमन करने हेतु| इससे स्वास्थ्यवर्धक तथा उद्दीपक दवाईयों का निर्माण किया जाता है| जापान में मोतियों के चूर्ण से कैल्शियम कार्बोनेट की गोलियाँ बनाई जाती है जिनके सेवन से दाँतों में छेद होने का डर नहीं रहता| साथ ही इससे पेट में गैस नहीं बनती और एलर्जी की शिकायत भी नहीं होती| वराहमिहिर की 'बृहत्संहिता' में लिखा है कि प्राकृतिक मोती की उत्पत्ति सीप, सर्प के मस्तक, मछली, हाथी और बाँस से होती है| परंतु अधिकांश भारतीय विद्वानों ने मोती की उत्पत्ति सीप से ही बताई है| प्राचीन भारतीय विद्वानों का मत था कि जब स्वाति नक्षत्र के दौरान वर्षा की बूँदें सीप में पड़ती है तो मोती का निर्माण होता है| यह कथन आधुनिक वैज्ञानिकों को भी मान्य है कि मोती-निर्माण हेतु शरद ऋतु सर्वाधिक अनुकूल है क्योंकि इसी ऋतु में स्वाति नक्षत्र का आगमन होता है|

**i) मोती का प्रयोग कब आरंभ हुआ ?**

A) वैदिक काल में

B) रामायण काल में

C) आधुनिक काल में

D) भक्तिकाल में

**ii) मोतियों का विस्तृत विवरण किसने अपने ग्रंथ में किया है ?**

A) वाराहमिहिर ने

B) आर्यभट ने

C) पतंजली ने

D) जे. एल बेयार्ड ने

**iii) वराहमिहिर की रचना का नाम क्या है ?**

A) पंचतंत्र

B) रामायण

C) बृहत्संहिता

D) महाभारत

**iv) मोती-निर्माण में शरद ऋतु क्यों अनुकूल समझी जाती है ?**

A) सर्दी पड़ने के कारण

B) जल स्थिर होने के कारण

C) वर्षा की बूंदों के कारण

D) स्वाति नक्षत्र के आगमन के कारण

**v) भारतीय विद्वानों ने मोती की उत्पत्ति किससे बताई है ?**

A) साँप से

B) सीप से

C) मछली से

D) बाँस से

**अथवा**

**गद्यांश-2**

एक राजा ने अपने राज्य के चित्रकार को बुलाकर कहा वह अपने राज्य में से किसी एक मासूम चेहरा तथा एक बहुत क्रूर चेहरा ढूंढकर उनके चित्र बनाकर ले आए| चित्रकार ने कुछ समय खोज़बीन की| उसे गड़रियों की बस्ती में एक मिट्टी से सना हुआ बहुत मासूम बच्चा मिला| चित्रकार ने उसका चित्र बनाया और राजा को दिया| राजा को चित्र पसंद आया और उसने चित्रकार को पुरस्कार दिया| अब चित्रकार ने क्रूर चेहरे की खोजबीन आरंभ कर दी| बहुत स्थानों पर गया परंतु जैसी क्रूरता वह दिखाना चाहता था वह उसे नहीं मिली| कई वर्ष बीत गए| एक दिन चित्रकार राजा से अनुमति लेकर कारागार गया| वहाँ उसे एक कैदी दिखा जिसके चेहरे से क्रूरता टपक रही थे| चित्रकार ने चित्र बनाना आरंभ किया| वह उसे मासूम बच्चे के चित्र से मिलाकर देख भी रहा था| कैदी ने पूछा, “यह किसका चित्र है?” चित्रकार ने बताया कि वह चित्र उसने बहुत वर्ष पहले एक मासूम बच्चे का बनाया था| यह सुनकर वह कैदी फूट-फूट कर रो पड़ा| चित्रकार ने पूछा, “क्या हुआ?” कैदी बोला, “यह मेरे ही बचपन का चित्र है|” चित्रकार स्तब्ध रह गया| उसने कैदी से पूछा, “तुम्हारी यह दशा कैसे हुई?” कैदी का संक्षिप्त उत्तर था, “परिस्थितियाँ|”

**i) राजा किस प्रकार के दो चित्र बनाना चाहता था ?**

A) कोमल और कठोर चेहरे के

B) बच्चे और बूढ़े के

C) मासूम और क्रूर चेहरे के

D) बच्चे और कैदी के

**ii) चित्रकार ने किसका चित्र बनाया ?**

A) बूढ़े व्यक्ति का

B) मासूम बच्चे का

C) राजा का

D) क्रूर चेहरे का

**iii) चित्रकार क्रूर चेहरे का चित्र क्यों नहीं बना पाया ?**

A) सब चेहरे मासूम थे |

B) कैदी कारागार में था |

C) बच्चे क्रूर नहीं होते |

D) क्रूर चेहरा नहीं दिखा |

**iv) मासूम बच्चा कैदी कैसे बन गया ?**

A) किसी भूल के कारण

B) वृद्ध होने के कारण

C) अपराधी होने के कारण

D) परिस्थितियों के कारण

**v) दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक होगा -**

A) राजा का आदेश

B) मानव जीवन

C) चित्रकार की निष्ठा

D) परिस्थितियाँ

**प्रश्न-3. निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं चार</u> भागों के उत्तर दीजिए।**

**(i) 'उसने पुस्तकें <u>लकड़ी की अलमारी</u> में रखी|" रेखांकित में कौनसा पदबंध है?** **1**

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

**(ii) 'सर्वनाम पदबंध' का उदाहरण है-** 1

(A) कमरे में बैठने वाला कोई

(B) सुंदर लडकी

(C) जल्दी-जल्दी

(D) खेल रहे हैं

**(iii) 'वह <u>गीत गाते हुए</u> पढने लगा|' रेखांकित में पदबंध का भेद बताइए।** 1

(A) क्रिया पदबंध

(B) क्रिया विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध

(D) विशेषण पदबंध

**(iv) वर्णों के सार्थक मेल से क्या बनता है ?** 1

(A) पद

(B) शब्द

(C) पदबंध

(D) वाक्य

**(v) शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होता है तो वह क्या बनता है?** 1

(A) वर्ण

(B) पद

(C) पदबंध

(D) वाक्य

**प्रश्न-4 निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं चार</u> भागों के उत्तर दीजिए।**

**(i) 'जो विद्वान होता है उसे सभी आदर देते हैं|' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए।** 1

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) सामान्य वाक्य

(D) मिश्र वाक्य

**(ii) 'रमा को पुस्तकें खरीदनी थी|' 'वह बाज़ार गई|' इन वाक्यों को मिलाकर एक संयुक्त वाक्य बनाइए |** 1

(A) पुस्तकें खरीदने के लिए रमा बाज़ार गई|

(B) रमा पुस्तकें खरीदने के लिए बाज़ार गई|

(C) रमा को पुस्तकें खरीदनी थी इसलिए बाज़ार गई|

(D) रमा इसलिए बाज़ार गई क्योंकि उसे पुस्तकें खरीदनी थी|

**(iii) निम्नलिखित में मिश्र-वाक्य है-** 1

(A) वह आया था परंतु मैं न मिल सका|

(B) बादल आए और बरसकर चले गए |

(C) मेहनती छात्र उन्नति पाते हैं|

(D) ज्यों ही किसी ने घंटी बजाई, चोर भाग गया|

**(iv) निम्नलिखित में सरल वाक्य है-** 1

(A) भाई के आने पर मैं तुम्हारे साथ चलूँगा|

(B) जहाँ तक दृष्टि जाती है, अंधेरा ही अंधेरा है|

(C) वे बीमार हैं अतः आ नहीं सकते|

(D) मैं आया और वह चल दिया|

**(v) "मैंने वह दुर्घटना देखी जिसमें कई लोग घायल हो गए थे|" (संयुक्त वाक्य चुनिए।)** 1

(A) मैंने कई लोगों को घायल कर देने वाली दुर्घटना देखी|

(B) मैंने एक दुर्घटना देखी और उसमे कई लोग घायल हो गए थे|

(C) मैंने जो दुर्घटना देखी उसमे कई लोग घायल हो गए थे |

(D) इनमे से कोई सही नहीं है|

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पाँच भागों में से <u>किन्हीं चार</u> भागों के उत्तर दीजिए।**

**(i)** कल हम <u>प्रधानमंत्री</u> से मिले। (रेखांकित पद के समास का नाम चुनिए) 1

(A) द्वंद्व समास

(B) कर्मधारय समास

(C) अव्ययीभाव समास

(D) तत्पुरुष समास

**(ii) 'ऋणमुक्त' शब्द का सही विग्रह तथा समास का नाम चुनिए।** 1

(A) ऋण के लिए मुक्त - संप्रदान तत्पुरुष

(B) ऋण का मुक्त - संप्रदान तत्पुरुष

(C) ऋण को मुक्त - करण तत्पुरुष

(D) ऋण से मुक्त - अपादान तत्पुरुष

**(iii) 'दशानन- दस आनन हैं जिसके' –समस्त पद के समास का नाम चुनिए|** 1

(A) बहुव्रीहि समास

(B) द्विगु समास

(C) कर्मधारय समास

(D) तत्पुरुष समास

(iv) **"नेता जी ने <u>रोग से पीड़ित</u> लोगों की सहायता की।"- रेखांकित का समस्त पद है।** 1

(A) रोगपिड़ित

(B) रोगपीड़ित

(C) रागपीड़ित

(D) रोगपीडीत

(v) **'भाई-बहन'- सही जोड़ चुनिए-** 1

(A) भाई से बहन - करण तत्पुरुष समास

(B) भाई और बहन - द्वंद्व समास

(C) भाई के लिए बहन - संप्रदान तत्पुरुष समास

(D) भाई में बहन - द्वंद्व समास

**प्रश्न-6 निम्नलिखित <u>चारों भागों</u> के उत्तर दीजिए।**

(i) **सारा दिन कुछ न खाने के कारण -------------------- रहे हैं| (मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)** 1

(A) आग में घी डालना

(B) जले पर नमक छिड़कना

(C) पेट में चूहे कूदना

(D) पानी-पानी होना

(ii) **एम. ए. की परिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना --------------------- है| (मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)** 1

(A) दाए हाथ का काम

(B) लोहे के चने चबाना

(C) दीवार खड़ी करना

(D) ईद का चाँद

(iii) **चुनाव में जनता पार्टी ने कांग्रेस से --------------------- और बहुमत से विजय प्राप्त की| (रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।)** 1

(A) पहाड़ होना

(B) लोहा होना

(C) लोहा लेना

(D) पत्थर का लकीर होना

(iv) **अपनी सफलता का समाचार सुनकर भारतवासियों ने --------------------((रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।)** 1

(A) घी के दीये जलाना

(B) नौ दो ग्यारह होना

(C) बड़े घर की हवा खाना

(D) पेट काटना

**प्रश्न-7 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करे सभी |
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वहीं कि जो जिया न आप के लिए |
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे |

**(i) मनुष्य को किससे भयभीत नहीं होना चाहिए ?** **1**

(A) मृत्यु से

(B) जीवन से

(C) मनुष्यों से

(D) पशुओं से

**(ii) 'जो जिया न आप के लिए' पंक्ति का भाव क्या है ?** **1**

(A) पर पीडन के लिए

(B) परोपकार के लिए

(C) अपने स्वार्थ के लिए

(D) अपनी पत्नी के लिए

**(iii) 'मनुष्य के लिए मरे' पंक्ति से कवि किस भावना को उजागर करना चाहते हैं?** **1**

(A) मनुष्यता की भावना को

(B) मृत्यु के सत्य को

(C) स्वार्थपरता की भावना को

(D) पशुता की भावना को

**(iv) इस कविता के कवि कौन है ?** **1**

(A) सुमित्रनान्तन पंत

(B) कैफ़ी आजमी

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) वीरेन डंगवाल

**प्रश्न-8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।**

आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते| संसार के अनेक राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन है| रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते

थे| बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे| आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ? घमंड ने उसका नाम-निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा| आदमी जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे. इतराये नहीं| अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया|

**(i) इस कहानी के लेखक कौन है?** 1

(A) मुंशी प्रेमचंद

(B) लीलाधर मंडलोई

(C) रवींद्र केलेकर

(D) हबीब तनवीर

**(ii) लेखक के अनुसार किसे चक्रवर्ती नहीं कह सकते हैं?** 1

(A) रावण को

(B) अंग्रेजों को

(C) चंद्रगुप्त को

(D) अशोक को

**(iii) उपर्युक्त उपदेश किसने किसको दिया ?** 1

(A) लेखक ने लोगों को

(B) छोटे भाई ने बड़े भाई को

(C) बड़े भाई ने छोटे भाई को

(D) लेखक ने बड़े भाई को

**(iv) बड़े भाई साहब ने रावण के विनाश का क्या कारण बताया ?** 1

(A) घमंड करना

(B) कुकर्म करना

(C) राजाओं से कर लेना

(D) देवताओं से गुलामी करवाना

**(v) 'चुल्लू भर पानी देने वाला भी न बचा|' इस पंक्ति का भाव क्या है?** 1

(A) पानी भरने वाला भी न बचा

(B) पानी पिलाने वाला भी न बचा

(C) थोडा-सा पानी पिलाने वाला भी न बचा

(D) जीवन की अंतिम घड़ी में पानी देने वाला भी न बचा

**प्रश्न-9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।**

सदियों पूर्व जब लिटिल-अंदमान और कार-निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर-सा गाँव था| पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था

उसका नाम था तताँरा| निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे| तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था| सदैव दूसरो की मदद करने के लिए तत्पर रहता| अपने गाँववासियों की ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था| उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था| सभी उसका आदर करते| वक्त मुसीबत में उसका स्मरण करते, वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता| दूसरे गाँवों में भी उसे पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता| उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते| पारंपरिक पोशाक के साथ वह हमेशा अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता| लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी के होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी| तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता| उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता| किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग़ तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे| तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी|

**(i) यह अनुच्छेद किस कहानी से लिया गया है?** 1

(A) बड़े भाई साहब

(B) कारतूस

(C) तताँरा-वामीरो कथा

(D) गिरगिट

**(ii) सदियों पूर्व लिटिल अंदमान और कार-निकोबार की स्थिति कैसी थी?** 1

(A) ये दोनों आपस से जुड़े हुए थे|

(B) दोनों एक-दूसरे से बहुत दूर थे|

(C) दोनों के बीच समुद्र था|

(D) दोनों के बीच जंगल था|

**(iii) तताँरा के व्यक्तित्व में कौन-सी विशेषता थी?** 1

(A) वह सुंदर और शक्तिशाली था|

(B) वह नेक और मददगार था|

(C) वह लोगों की मदद करता था|

(D) सभी विकल्प सही हैं|

**(iv) तताँरा अपनी पोशाक के साथ क्या धारण करता था?** 1

(A) लकड़ी के आभूषण

(B) आकर्षक जूते

(C) लोहे की तलवार

(D) लकड़ी की तलवार

**(v) लोग तताँरा के साहसिक कारनामों का कारण किसे मानते थे?** **1**

(A) तताँरा के आत्मविश्वास को

(B) तताँरा की शक्ति को

(C) लकड़ी की तलवार को

(D) गाँववालो के लिए आदर को

## खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न

**प्रश्न- 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिएः-** **2X2=4**

**(i)** 'कारतूस' पाठ के आधार पर सआदत अली के बारे में एक संक्षिप्त वर्णन दीजिए| **2**

**(ii)** कबीर के अनुसार हमें दूसरों के साथ किस तरह से वार्तालाप करना चाहिए? **2**

**(iii)** लेखक के मित्र ने जापान के बढ़ते मानसिक रोगियों के क्या-क्या कारण बताए? **2**

**प्रश्न-11 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिएः-** **1X4=4**

'कर चले हम फ़िदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए|

**प्रश्न-12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिएः-** **2X3= 6**

**(i)** हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन था? उन्होंने उनके साथ कैसा व्यवहार किया? **3**

**(ii)** 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार बताइए कि स्कूल के सभी लड़के मास्टर प्रीतमचंद से क्यों डरते थे? **3**

**(iii)** टोपी के मुँह से 'अम्मी' शब्द सुनते ही घरवालों की क्या प्रतिक्रया हुई? **3**

**प्रश्न-13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिएः-**

**1X6 = 6**

**(क) व्यायाम का महत्त्व**

संकेत-बिंदु - i) व्यायाम का अर्थ और प्रकार ii) व्यायाम न करने से आलस का बढ़ना iii) स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम iv) नियमित समय पर व्यायाम

**(ख) शिक्षा का महत्त्व**

संकेत-बिंदु - i) शिक्षा का अर्थ ii) शिक्षा के प्रकार iii) शिक्षा रहित जीवन व्यर्थ iv) शिक्षा से मानवीय मूल्यों का विकास

**(ग) पक्षी : हमारे मित्र**

संकेत-बिंदु - i) पक्षियों का स्वाधीन जीवन ii) पक्षी : मनुष्य के मित्र iii) मनुष्यों का पक्षियों के साथ व्यवहार iv) पक्षियों का जीवन खतरे में

**प्रश्न-14** प्रतिष्ठित हिंदी टेलीविज़न चैनल के निदेशक को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि किशोरों के लिए देशभक्ति की प्रेरणा देने वाले अधिकाधिक कार्यक्रमों को प्रसारित करने की ओर ध्यान दिया जाए| **1X 5 =5**

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमे खेलों की आवश्यक तैयारी तथा खेल के सामान उपलब्ध कराने हेतु प्रार्थना की गई हो|

**प्रश्न-15** आप केंद्रीय विद्यालय, रामनगर के छात्र-क्लब का अध्यक्ष है| स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के लिए विभिन्न विद्यालय के छात्रों को आमंत्रित करते हुए लगभग 30-40 शब्दों में एक सूचना लिखिए| **1X5 =5**

**अथवा**

अपने विद्यालय के विज्ञान-प्रदर्शिनी के आयोजन की सूचना लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए|

**प्रश्न-16** नगर में होने वाले दशहरा मेला के अवसर पर स्वयंसेवी युवाओं की आवश्यकता का विज्ञापन लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | **1X 5= 5**

**अथवा**

ज़मीन के विक्रय के संबंध में किसी अखबार में वर्गीकृत कोलम हेतु एक विज्ञापन 25-30 शब्दों में तैयार कीजिए|

**प्रश्न-17** ‘लालच बुरी बला है’ विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए| **1X 5= 5**

**अथवा**

‘यदि मैं एक पेड़ होता’ विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए|